भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.10.2023

आरेडिका ने किया जल निकासी का इंतजाम

04 अक्टूबर 2023 में विभिन्न समाचारपत्रों में प्रकाशित समाचार कि आरेडिका के आवासीय परिसर के पूर्व की तरफ घरों एवं प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल पूरे प्राण सिंह की तरफ से आने वाले पानी का निकास जो मथना नाला में होता था, एनएच 232 से आरेडिका प्रशान्ति परिसर की ओर जाने वाली सड़क बन जाने के कारण बाधित हो गया था।

आरेडिका प्रशासन ने इस समाचार का संज्ञान लिया है और सिविल इंजीनियर टीम ने 05.10.2023 को मौके पे जाकर इसका आकलन किया।

इस क्षेत्र के गाँव एवं प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल पूरे प्राणसिंह को पानी निकासी की समस्या दूर करने के लिए कच्ची नाली बनाकर अस्थायी तौर पर काम शुरू कर दिया है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों को तुरन्त जल निकासी की समस्या से निजात मिल सके। स्थायी तौर पर भी पक्की नाली बनाकर मथना नाले से जोड़ने का कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा।

आरेडिका प्रशासन आवश्वस्त करती है कि उसके द्वारा की जाने वाली किसी भी गतिविधियों से लगे हुए क्षेत्रों के निवासियों को किसी तरह की असुविधा नही होने दी जायेगी।

05/10/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी